दिनांक : 31.08.2024 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री-न्यायपालिका

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं पर अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज के लिए गंभीर चिंता के विषय हैं। उन्होंने कहा कि देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाए गए हैं लेकिन इसे और अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्‌घाटन करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से संबंधित मामलों में जितने जल्दी से निर्णय लिए जाएंगे उतने ही जल्दी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो पाएगी। श्री मोदी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने से लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत का सम्मान बढ़ा

है।उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का पंद्रह वर्ष, भारतीय संविधान और इसके संवैधानिक मूल्यों की यात्रा है। श्री मोदी ने कहा कि आपातकाल के काले समय में भी सर्वोच्च न्यायालय ने देशवासियों को मौलिक अधिकारों की गारंटी दी और राष्ट्रीय हित के किसी भी सवाल पर न्यायालय ने राष्ट्रीय एकता की हमेशा रक्षा की है।

विमुक्त दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विमुक्त दिवस पर आज भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री यहां विभागीय पोर्टल "समर्थ" लांच करेंगे। पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमंतु और अर्धघुमंतु कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा गौर और मधयप्रदेश राज्य विमुक्त, घुमंतु और अर्द्ध घुमंतु जाति विकास अभिकरण के अध्यक्ष बाबूलाल बंजारा विषेश अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। संचालक विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्ध घुमंतु नीरज वशिष्ठ ने बताया कि मध्यप्रदेश में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के अंतर्गत

कुल 51 जातियाँ शामिल हैं। इन 51 जातियों में से 30 जातियों को घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय एवं 21 जातियों को विमुक्त समुदाय में वर्गीकृत किया गया है। इन 51 जातियों में से 14 जातियाँ अनुसूचित जाति एवं 10 जातियाँ अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आती है, शेष 27 जातियाँ अनारक्षित वर्ग के अंतर्गत आती है।

पर्यटन सम्मेलन

केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि विश्व में भारत के इतिहास, संस्कृति, खानपान, ज्ञान की विविधता को जानने का आकर्षण बढ़ा है। पर्यटन के लिए यह नए अवसरों के द्वार खोलता है। हम सभी को मिलकर एक साथ इस अवसर का लाभ उठाते हुए भारत को वैश्विक पर्यटन का केंद्र बनाने में योगदान देना होगा। श्री शेखावत कल भोपाल में आयोजित आईएटीओ के तीन दिवसीय 39वें अधिवेशन के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में वैश्विक मांग के अनुरूप नए पर्यटन स्थल विकसित किए जा रहे है। हम

सभी की जिम्मेदारी है कि देश के पर्यटन स्थलों की विशेषताओं और आकर्षण को विश्व के हर कोने में पहुँचाएं और जीडीपी में पर्यटन क्षेत्र के आर्थिक योगदान को बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में पर्यटन क्षेत्र अग्रणी भूमिका निभाएगा।

मौसम

अब खबर मौसम की, राजधानी भोपाल सहित आसपास के जिलों में भले ही आज बारिश न हो रही हो, लेकिन मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में कल से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम सक्रिय होगा। जिससे पूरा प्रदेश भीग जाएगा। विभाग ने 35 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले आज भी सीहोर-देवास समेत 12 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। इंदौर के यशवंत सागर डैम से पानी छोड़ने के बाद उज्जैन का डैम फुल हो गया है। आज सुबह उज्जैन में गंभीर डैम का एक गेट खोला गया। प्रदेश के 13 जिलों में कल बारिश हुई। नर्मदापुरम जिले में 35 मिमी यानी, डेढ़ इंच पानी बरस गया। मंडला और उमरिया में 1-1 इंच, नौगांव, टीकमगढ़, खजुराहो, छिंदवाड़ा और

इंदौर में आधा इंच से ज्यादा पानी गिर गया। इसी तरह बैतूल, शिवपुरी, उज्जैन, नरसिंहपुर और सतना जिले में भी हल्की बारिश दर्ज की गई। भोपाल में सुबह से रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ, जो रात में भी चलता रहा। अशोकनगर में शुक्रवार देर रात हुई दो घंटे की भारी बारिश से पाठखेड़ा गांव में घरों में दो फीट तक पानी भर गया।

संक्षिप्त समाचार

1. राष्ट्रीय पोषणमाह 1 से 30 सितंबर तक पूरे माह सतना जिले के सभी 2 हजार 54 आंगनवाडी केन्द्रों एवं परियोजना व जिला स्तर पर आयोजित किया जायेगा। अभियान में गर्भवती महिला एवं धात्री माता, किशोरी बालिकायें और 6 माह से 6 वर्ष तक बच्चों के साथ-साथ अन्य स्थानीय आम जनमानस को भी शामिल किया जायेगा।
2. जबलपुर उच्च न्यायालय ने लोकायुक्त संगठन को आदेश दिया है कि 24 घंटे के भीतर वेबसाइट पर एफआईआर अपलोड की जाए।

3. खण्डवा जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया है कि कल जिला रोजगार कार्यालय में आयोजित रोजगार मेले में 7 कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें 73 बेरोजगार आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया।
4. एक्सप्रेस टू जस्टिस परियोजना के तहत आगरमालवा जनपद पंचायत सभाकक्ष में कल आयोजित कार्यशाला में बाल विवाह एवं बाल श्रम के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। अंहिसा वेलफेयर सोसायटी ने जिले के 50 ग्राम लिये है जिनको बाल विवाह मुक्त करने का संकल्प लिया गया है।
5. 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' थीम पर 14 सितंबर से 01 अक्टूबर तक छिंदवाड़ा जिले में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा चलाया जायेगा।